# फिल्म सिटी का डीपीआर मंजूर, 3 महीने में शुरू होगी टेंडर प्रक्रिया

Dinesh.Mishra@timesgroup.com

**ग्रेटर नोएडा :** यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में प्रस्तावित फिल्म सिटी के लिए हॉलिवुड की प्रसिद्ध कंपनी सीवीआरई की तरफ से बनाए गए डीपीआर पर योगी सरकार ने मुहर लगा दी है। प्रदेश सरकार ने यमुना अथॉरिटी को फिल्म सिटी के लिए तीन महीने में ग्लोबल टेंडरिंग की प्रक्रिया प्रारंभ करने का निर्देश दिया है। यीडा सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने सीवीआरई को ग्लोबल टेंडरिंग प्रक्रिया शुरू करने के लिए खत लिखा है। दिसंबर तक यूपी में देश की सबसे आधुनिक फिल्म सिटी को बनाने के लिए ग्लोबल टेंडर जारी कर दिया जाएगा। वहीं टीम 9 की बैठक में सीएम ने फिल्म सिटी का काम भी तेजी से आगे बढ़ाने को कहा है।

**फिल्म सिटी का काम तेजी से बढ़ाएं: सीएम**

फिल्म सिटी को विकसित करने के लिए सीवीआरई ने तीन मॉडल डीपीआर में सुझाए थे। सरकार ने हाईब्रिड मॉडल पर विकसित करने के लिए ग्लोबल टेंडरिंग प्रक्रिया अपनाने को कहा है। यमुना अथॉरिटी के सेक्टर 21 में 1000 एकड़ में फिल्म सिटी को विकसित किया जाना है। हाइब्रिड मॉडल में यीडा को सौ करोड़ रुपये वार्षिक किराया और आमदनी में हिस्सेदारी दोनों को रखा गया है। इसमें वार्षिक प्रीमियम कंपनी 10 साल के बाद देगी, जबकि लाभ में हिस्सेदारी जल्दी मिलनी शुरू हो जाएगी।

## हॉलिवुड की कंपनी सीबीआरई के डीपीआर पर सरकार की मुहर

### 1000 एकड़ में बनेगी



### यूपी की फिल्म पर इतना होगा खर्च

| | |
|---|---|
| स्टूडियो | ₹1,513 करोड़ |
| रिटेल मॉल | ₹989 करोड़ |
| फिल्म इंस्टिट्यूट | ₹914 करोड़ |
| इंफ्रास्ट्रक्चर विकास | ₹842 करोड़ |
| होटल रेस्तरां | ₹532 करोड़ |
| बैकलॉट सेट | ₹393 करोड़ |
| अम्यूजमेंट पार्क | ₹378 करोड़ |
| आवासीय परिसर | ₹307 करोड़ |
| ऑफिस | ₹227 करोड़ |
| बैकलॉट वर्कशॉप | ₹214 करोड़ |
| बैकलॉट ओपन एरिया | ₹149 करोड़ |

## अलीगढ़ में बनेगा यूपी का पहला मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्क

**■ एनबीटी ब्यूरो, नोएडा :** उत्तर भारत का सबसे बड़ा मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्क यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में अलीगढ़ के टप्पल में बनने जा रहा है। लंदन की डेलाइट कंपनी ने बुधवार को इसका डीपीआर यीडा के सीईओ डॉक्टर अरुणवीर सिंह के सामने पेश किया।

पूर्व सीएम कल्याण सिंह के गृहजनपद अलीगढ़ के विकास का ताला खोलने के लिए यूपी का यह पहला मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्क होगा। सीवीआरई ने इसको दो चरणों में विकसित करने का सुझाव दिया है। पहला चरण डेढ़-दो साल में दस हजार हेक्टेयर में विकसित किया जाएगा। दूसरा चरण उसके बाद पांच सौ हेक्टेयर में विकसित किया जाएगा। यूपी को वन ट्रिलियन इकॉनमी बनाने की दिशा में जुटे सीएम योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने टप्पल में पार्क बनाने की योजना के तहत डीपीआर बनाने का काम लंदन की कंपनी को सौंपा था।